नैया है मझधार | By Govind Chopra

नइया है मझधार श्याम इसे पार लगा जाओ
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
श्याम ....
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
नइया है मझधार ....

नइया मेरी डूब रही है केवट बैठा है चुपचाप
मेरी बर्बादी की लीला कैसे देख रहे हो आप
क्यूँ करते इनकार मुझे ये भेद बता जाओ
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
श्याम ....
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
नइया है मझधार ....

तूफानों से लड़ते लड़ते हार गया अब दास तेरा
तुझ पर दारमदार प्रभु अब टूटे ना विश्वास मेरा
सम्भालो पतवार भवर से इसे बचा जाओ
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
श्याम ....
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
नइया है मझधार ....

बीच भवर में दूजा केवट श्याम कहाँ से लाऊँ मैं
तुझ बिन रक्षा हो नहीं सकती कितना भी चिल्लाऊं मैं
तेरा ही आधार प्रभु मोहे धीर बंधा जाओ
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
श्याम ....
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
नइया है मझधार ....

दीन दयालु नाम तुम्हारा नाम की लाज रखो सरकार
थोड़ी सी यदि किरपा करो तो हो जाएगा बेडा पार
बिन्नू है लाचार प्यार अपना बरसा जाओ
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
श्याम ....
हो लीले असवार दयालु जल्दी आ जाओ
नइया है मझधार ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ae%e0%a4%9d%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-govind-chopra/